17/05/2025

आकाशवाणी ईटानगर

ऑपरेशन सिंदूर के मद्देनजर पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ भारत का रुख पेश करने के लिए सरकार सात बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल अलग-अलग देशों में भेज रही है। प्रतिनिधिमंडल इस महीने के अंत में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सदस्यों सहित प्रमुख साझेदार देशों का दौरा करेंगे। इसके महत्व पर प्रकाश डालते हुए संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस के भारत के साझा संदेश को लेकर जाएंगे

0000000000000000000

हरियाणा पुलिस ने पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में हिसार से एक यू-ट्यूबर ज्योति रानी को गिरफ्तार किया है। हिसार के पुलिस उपाधीक्षक कमलजीत ने बताया कि ज्योति के संपर्क पाकिस्तान की खुफिया एजेंसियों से हैं और वह सोशल मीडिया के माध्यम से गोपनीय सूचनाएं भेज रही थी। हरियाणा पुलिस ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए कैथल के मस्तगढ गांव से 25 वर्षीय युवक देवेन्द्र सिंह को भी गिरफ्तार किया है।

0000000000000000000

आज दोईमुख में नागरिकों द्वारा भारतीय सशस्त्र बलों के साथ एकजुटता व्यक्त करने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करने के लिए "तिरंगा यात्रा" आयोजित की गई। यात्रा में, स्थानीय निवासियों सहित गांव बुढ़ा एवं गांव बुढ़ी भी शामिल हुए।

14th दोईमुख कॉंस्टिटुएंसी के पूर्व विधायक ताना हाली तारा ने आतंकवाद के खिलाफ भारतीय सेना की कार्रवाई की प्रशंसा की।

0000000000000000000

राज्य के साहित्यिक क्षेत्र में अपार योगदान को मान्यता देने के लिए, अरुणाचल प्रदेश लिटरेरी सोसाइटी ने वर्ष 2025 के लिए श्री रामचंद्र सुतिया और डॉ. अशोक कुमार पांडे को लुमिनस लुमर दाई साहित्य पुरस्कार प्रदान करने का निर्णय लिया है। आगामी 1 जून को असम के तेजपुर स्थित लुमर दाई भवन में श्री सुतिया और डॉ. पांडे को पुरस्कार प्रदान किय जाएगा।

0000000000000000000

तवांग के ग्यालवा सांगयांग ग्यात्सो हाई एल्टीट्यूड स्पोर्ट्स स्टेडियम में बॉईज़ एण्ड गर्ल्स के लिए हांगपान दादा मेमोरियल ट्रॉफी अंडर-16 जिला स्तरीय फुटबॉल और वॉलीबॉल टूर्नामेंट का 8वां संस्करण आज संपन हुआ। बॉईज़ के फ़ाइनल फ़ुटबॉल मैच में तवांग ने मोगतो को 4-0 से पराजित कर खिताब अपने नाम किया।

0000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज अरुणाचल प्रदेश के तवांग, पाके केसांग, ईस्ट कामेंग, कुरुंग कुमे, अपर सुबनसिरी, लोअर सुबनसिरी, सियांग, लोअर सियांग, लेपा रादा, शी योमी, दिबांग वैली, अंजाव, लोहित, नामसाई, तिराप, चांगलांग और लोंगडिंग जिले के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। वेस्ट कामेंग, पापुम पारे, ईस्ट सियांग और लोअर दिबांग वैली के लिए ओरेंज अलर्ट साथ ही अपर सियांग सियांग और वेस्ट सियांग के लिए रेड अलर्ट जारी किया है।

विभाग के अनुसार इन जिलों में अगले 24 घंटो में अलग अलग स्थानों पर ग़रज के साथ बिजली गिरने और बहुत तेज बारीश होने साथे तेज हवाएं चलने की भी संभवना है।

0000000000000000000

नामसाई उपायुक्त सी.आर. खाम्पा ने कचरे, खास तौर पर प्लास्टिक के कचरों का लापरवाही से निपटान पर निराशा व्यक्त की है, जो नदी के ईकोसिस्टम और वन्यजीवों के आवासों के लिए गंभीर खतरा पैदा करता है साथ ही बारिश के मौसम में नालों को भी जाम कर देता है। शुक्रवार को APIL ग्राउंड में एक जागरूकता कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि नामसाई जिला वर्तमान में अनियंत्रित कचरे की चुनौती से जूझ रहा हैं, जिससे पर्यावरण क्षरण को लेकर चिंताएं बढ़ रही हैं।

0000000000000000000

ईटानगर राजधानी क्षेत्र उपायुक्त तालो पोतोम, पुलिस अधीक्षक रोहित राजबीर सिंह और एंटी करप्शन ब्यूरो के स्पेशल इंवेस्टीगेशन सेल के एसपी अनंत मित्तल को नई दिल्ली स्थानांतरित कर दिया गया है।

0000000000000000000

अपर सियांग जिले के पारसिंग स्थित सरकारी माध्यमिक विद्यालय के काबीत तायेंग ने 96.4% अंकों के साथ कक्षा 10 की सीबीएसई परीक्षा में टॉप किया, जबकि तवांग के सरकारी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लुमला के काल्देन ग्यात्सो ने 96.2% अंकों के साथ दूसरा स्थान हसिल किया है।

कक्षा 12 में जीएचएसएस खोंसा के इरफान अली ने 92.8% अंकों के साथ शीर्ष स्थान प्राप्त किया, जबकि जीएचएसएस पोंगचाउ, लोंगडिंग जिले के फोही वांगसा ने 91.8% अंकों के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया है।

000000000000000000

कल यानी 18 मई को पापुम पारे जिला स्थित युपिया में चल रही SAFF अंडर-19 चैंपियनशिप 2025 के फाइनल में भारत, बांग्लादेश से भिड़ेगा। शुक्रवार को दूसरे सेमीफाइनल में मालदीव को 3-0 से हराकर भारत फाइनल में पहुंचा। डैनी मेइतेई ने 14वें मिनट में भारत के लिए पहला गोल किया, स्थानीय खिलाड़ी ओमांग दोदुम ने 21वें मिनट में बढ़त को दोगुना कर दिया। आखिरी गोल प्रशांत जाजो ने 65वें मिनट में किया। दूसरी ओर, पुर्व विजेता बांग्लादेश ने पहले सेमीफाइनल में नेपाल को 2-1 से हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है।

000000000000000000

स्टार भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा शुक्रवार को 2025 दोहा डायमंड लीग पुरुष भाला फेंक स्पर्धा में दूसरे स्थान पर रहे। 90.23 मीटर का रिकॉर्ड तोड़ने के बावजूद, नीरज को जर्मनी के जूलियन वेबर से पीछे रहना पड़ा, जिन्होंने 91.06 मीटर का अंतिम थ्रो किया।